गुरुवार 17 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



अटल जी इतना इज्जत करते थे कि उन्हें कभी भूल नहीं सकते: नीतीश

2



### 77वां स्वतंत्रता दिवस: पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# ये भारत न थकता है, न हारता है: मोदी





- स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने लगातार 10वीं राष्ट्र को किया संबोधित
- कहा कि अगले 5 साल 'अभूतपूर्व विकास' के हैं
- ऐलान किया, अगली बार 15 अगस्त को इसी लाल किले से मैं देश की उपलब्धियों को प्रस्तुत करूंगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

77वां स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 7:30 बजे दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और इसके बाद राष्ट्र को संबोधित किया। पीएम मोदी ने लगातार 10वीं राष्ट्र को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि अगले 5 साल 'अभूतपूर्व विकास' के हैं। उन्होंने ऐलान किया, 'अगली बार 15 अगस्त को इसी लाल किले से मैं आपको देश की उपलब्धियां, आपके सामर्थ्य, आपके संकल्प, उसमें हुई प्रगति, उसकी सफलता और गौरवगान... पूरे आत्मविश्वास से आपके सामने प्रस्तुत करूंगा।' मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया मगर विपक्ष पर हमले खूब किए। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण को 'तीन बुराइयों' के रूप में गिनाते हुए पीएम ने कहा ये मोदी के जीवन का कमिटमेंट है कि वे इनसे लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### परिवारवाद और तुष्टीकरण ने देश को बर्बाद कर दिया है

मोदी कहा, नया भारत है, आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, ये संकल्पों को चरितार्थ करने के लिए जी-जान से जुटा हुआ भारत है। इसलिए ये भारत, न रुकता है, न थकता है, न हांफता है और न ही ये भारत हारता है। आज भारत पुरानी सोच, पुराने ढर्रे को छोड़ करके, लक्ष्यों को तय करके, लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चल रहा है। जिसका शिलान्यास हमारी सरकार करती है, उसका उद्घाटन भी हम अपने कालखंड में ही करते हैं। इन दिनों मैं जो शिलान्यास कर रहा हूं, उनका उद्घाटन भी मेरे नसीब में है। कहा कि आज परिवारवाद और तुष्टीकरण ने हमारे देश को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना उन दलों पर निशाना साधा जिनका नियंत्रण एक परिवार के पास है। पीएम ने कहा, 'किसी राजनीतिक दल का प्रभारी केवल एक ही परिवार कैसे हो सकता है? उनके लिए उनका जीवन मंत्र है- परिवार की पार्टी, परिवार द्वारा और परिवार के लिए।' उन्होंने कहा कि देश जब आर्थिक रूप से समृद्ध होता है तो सिर्फ तिजोरी नहीं भरती है। देश का सामर्थ्य बढ़ता है, देशवासियों का सामर्थ्य बढ़ता है।

### ये वादा है... मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा

पीएम मोदी ने कहा कि अगर सपनों को सिद्ध करना है और संकल्प को पार करना है तो हमें तीन बुराइयों से लड़ना होगा। पहली लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है, दूसरी लड़ाई परिवारवाद के खिलाफ है, और तीसरी लड़ाई तुष्टिकरण के खिलाफ है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश को दीमक की तरह नोंच लिया है... लेकिन ये मोदी के जीवन का कमिटमेंट है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा। दूसरा, परिवारवाद ने हमारे देश को नोंच लिया है। इस परिवारवाद जिस तरह से देश को जकड़ के रखा है, इसने लोगों का हक छीना है। तीसरी बुराई तुष्टिकरण की है। इस तुष्टिकरण ने देश की मूलभूत चिंतन को, हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दाग लगा दिए हैं। तहस-नहस कर दिया है। इसलिए हमें इन बुराइयों...भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के साथ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना है।

### प्रधानमंत्री ने अपने शासन काल की गिनाईं उपलब्धियां

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में हम वैश्विक अर्थव्यस्था में 10वें नंबर पर थे और आज 140 करोड़ देशवासियों का पुरुषार्थ रंग लाया है और हम विश्व की 5वीं अर्थव्यस्था बन चुके हैं। ये ऐसे ही नहीं हुआ है, लीकेज को हमने बंद किया, मजबूत अर्थव्यस्था बनाई, हमने गरीब कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च करने का प्रयास किया।

हमने पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से ढाई लाख करोड़ रुपये किसानों के खाते में जमा किए हैं। हर घर में शुद्ध पानी पहुंचे, हमने जल जीवन मिशन पर 2 लाख करोड़ रु खर्च किए। हमने आयुष्मान भारत योजना के तहत हमने 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, ताकि गरीब को दवाई मिले, उनका अच्छे से इलाज हो। हमने पशुधन को बचाने के लिए करीब-करीब 15 हजार करोड़ रुपये टीकाकरण के लिए लगाये हैं। जन औषधि केन्द्रों ने देश के सीनियर सिटिजन को, देश के मध्यमवर्गीय परिवार को एक नई ताकत दी है। इसकी सफलता को देखते हुए अब देश में 10 हजार जनऔषधि केन्द्र से बढ़ाकर 25 हजार जन औषधि केन्द्र बनाने का लक्ष्य रखा है। गांव-गांव पक्की सड़कें बन रही हैं तो इलेक्ट्रिक बसें, मेट्रो की रचना भी आज देश में हो रही है। महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए भरसक प्रयास किए। पिछले कालखंड की तुलना में हमें सफलता भी मिली है लेकिन हम इतने से संतोष नहीं मान सकते। महंगाई का बोझ कम से कम हो, इस दिशा में मुझे और भी कदम उठाने हैं।

# मोदी कैबिनेट ने पीएम ई-बस सेवा व विश्वकर्मा योजना को दी मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने पीएम ई-बस सेवा, पीएम विश्वकर्मा योजना, रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। देश में हरित आवाजाही को बढ़ाने के लिए ई-बस सेवा के तहत 10,000 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को मंजूरी दी गई। नगरीय बस परिवहन सेवा का विस्तार करने, उसे सुविधाजनक बनाने और हरित आवाजाही को बढ़ाने के लिए पीएम-ई बस सेवा को मंजूरी दी गई है। जिस पर 10 साल में 57,613 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके तहत 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें चलाई जायेंगी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ रुपये देगी और बाकी पैसा राज्यों को देना होगा। देश में 3 लाख से 40 लाख की आबादी वाले 169 शहर हैं और इस कार्यक्रम के लिए इनमें से चैलेंज मोड के आधार पर 100 शहरों का चयन किया जायेगा। ई-बसें सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत इन चुने गए शहरों में चलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि इसमें पांच लाख की आबादी वाले नगरों को 50 बसें दी जानी है, पांच लाख से 20 लाख तक आबादी वाले नगरों को 100 बसें और 20 लाख से 40 लाख तक आबादी वाले शहरों को 150 बसें दी जायेंगी।

**डिजिटल इंडिया का विस्तार:** कैबिनेट ने 14,903 करोड़ रुपये के खर्च के साथ डिजिटल इंडिया योजना के विस्तार को मंजूरी दी है। इस योजना को 2015 में लॉन्च किया गया था। इस एक्सटेंशन के तहत लगभग पांच लाख आईटी पेशेवरों के कौशल को फिर से कुशल और उन्नत किया जाएगा।

### विश्वकर्मा योजना: पारंपरिक कारीगरों को लाभ

पीएम विश्वकर्मा योजना पर 13 हजार करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। इससे 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को लाभ होगा। इस योजना के तहत 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ 1 लाख रुपये (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक की ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि छोटे-छोटे कस्बों में अनेक वर्ग ऐसे हैं जो गुरु-शिष्य परंपरा के तहत कौशल से जुड़े कार्यों में लगे हैं। इनमें लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि शामिल हैं।

### रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

मोदी कैबिनेट ने भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इस पर करीब 32,500 करोड़ रुपए खर्च आयेगा। देश के नौ राज्यों के 35 शहरों से जुड़ी इस परियोजना से रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2339 किलोमीटर जोड़ा जा सकेगा इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### राम मंदिर का दर्शन करने प्रतिदिन एक लाख भक्त आ सकते हैं अयोध्या

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का अनुमान है कि राम मंदिर का दर्शन करने के लिए प्रतिदिन लगभग एक लाख भक्त अयोध्या आ सकते हैं। मंदिर के उद्घाटन के बाद शुरूआती दौर में भक्तों की संख्या बहुत अधिक हो सकती है, लेकिन बाद में यह संख्या एक लाख प्रतिदिन पर आकर रुक सकती है। ऐसी अवस्था में हर सेकेंड लगभग तीन भक्तों को रामलला के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

## कोर्ट में अब हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट ईव टीजिंग जैसे शब्द का नहीं होगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक हैंडबुक का अनावरण किया जिसमें उन शब्दों का जिक्र किया गया है जो लैंगिक रूढ़िवादिता को कायम रखते हैं। साथ ही कहा कि कोर्ट में इनके इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। इन शब्दों में अफेयर, हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्द भी शामिल हैं जिन्हें बदला गया है। इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का इस्तेमाल करने को कहा गया।


जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines

Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team

R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED




पुण्यतिथि: पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

# अटल जी इतना इज्जत करते थे कि उन्हें कभी भूल नहीं सकते: नीतीश

केटी न्यूज/पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में बुधवार को अटल समाधि स्थल पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बीच में कोरोना का समय था। इस बार मौका मिला है। वो (अटल बिहारी वाजपेयी) इतना प्रेम करते थे और हम लोगों की इज्जत करते थे कि कभी भूल नहीं सकते. उन्होंने किस तरह से कितना मुझे काम दिया और मैंने किया। जब मैंने पहली बार बिहार के सीएम के रूप में शपथ ली तो वह वहां थे। नीतीश कुमार ने कहा कि आज के दिन नमन करने आए हैं। इस दौरान एक सवाल पर कि आप कहते हैं बार बार कि उस समय की बीजेपी और आज की बीजेपी में अंतर है इसके जवाब में नीतीश कुमार ने कहा कि अभी इस पर कहना उचित नहीं है। अलग से बात करिएगा तब करेंगे. अभी तो वो दिल्ली आए तो सबसे पहले श्रद्धांजलि देने ही आए हैं। आगे बात होगी।

**अरविंद केजरीवाल को दी जन्मदिन की बधाई:** सीएम नीतीश कुमार बुधवार की सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 10:55 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। लोकसभा और राज्यसभा में ट्रांसफर पोस्टिंग अध्यादेश पास होने के बाद नीतीश कुमार पहले ऐसे नेता हैं जिनकी अरविंद केजरीवाल से मुलाकात होने जा रही है। विपक्षी एकता की तीसरी बैठक से पहले यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। इसको लेकर सियासी हलचल भी तेज हो गई है। इससे पहले नीतीश कुमार ने ट्वीट कर अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई दी।



### नीतीश आज जो भी हैं वाजपेयी जी के कारण ही हैं: सुशील मोदी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा सीएम नीतीश कुमार आज जो भी हैं अटल बिहारी वाजपेयी के कारण ही हैं। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लंबे समय तक मंत्री रहे। नीतीश कुमार जब आडवाणी और अटल बिहार वाजपेयी की प्रशंसा करते हैं तो इनके मन में श्रद्धा भाव कम होता है और बीजेपी में विभाजन करने का प्रयास करते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के बाद बुधवार को सुशील मोदी मीडिया से बात कर रहे थे।

सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार कभी नरेंद्र मोदी और अटल बिहारी वाजपेयी की तुलना करते हैं तो कभी नरेंद्र मोदी बनाम लाल कृष्ण आडवाणी। इसमें वो कभी सफल नहीं होंगे क्योंकि अटल बिहारी वाजपेयी की परंपरा को नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। अगर आप अटल बिहारी वाजपेयी का समर्थन करते हैं तो नरेंद्र मोदी का भी करना होगा। नरेंद्र मोदी कोई अलग नहीं हैं। नीतीश कुमार पर हमला करते हुए आगे बीजेपी नेता ने कहा- जब आडवाणी जी को एनडीए का पीएम उम्मीदवार बनाया गया तो नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने इस फैसले के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। आज सबसे बड़े समर्थक बन गए। वो तो अजातशत्रु हैं। अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व दल से ऊपर रहा है। इस सवाल पर कि नीतीश कुमार दिल्ली गए हैं और वो वहां केजरीवाल से मिलेंगे। राहुल गांधी से भी मिलने की खबर है। इस पर कहा कि ये लोग उनके साथ के हैं तो वो तो मिलेंगे ही, लेकिन पिछले एक साल में बिहार में कोई भी नई पार्टी महागठबंधन में शामिल नहीं हुई है। उल्टा जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा अलग हो गए। आरसीपी सिंह अलग हो गए। बीजेपी मजबूत हो रही है। बीजेपी के साथ लोग जुड़ रहे हैं।

# नीतीश हर बात को जलेबी की तरह घुमाते हैं: प्रशांत किशोर

केटी न्यूज/पटना

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर में जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कई मुद्दों को लेकर बुधवार को मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जो काम नीतीश कुमार को दिया है वो तो ये कर नहीं रहे बाकी बेकार की चीजों में इनका ध्यान रहता है। दुनिया कितने दिनों तक रहेगी, कब खत्म हो जाएगी। इस पर बात करते हैं। नीतीश कुमार को अगर ध्यान से देखिएगा तो पता चलेगा कि उनपर उम्र का असर हो गया है। पिछले एक साल की उनकी पुरानी स्पीच उठाकर देख लीजिए, आपको पता चल जाएगा कि वो हर बात को जलेबी की तरह घुमाते रहते हैं। बोलना कुछ चाहते हैं बोल कुछ और जाते हैं।



प्रशांत किशोर ने कहा कि आपने कभी नीतीश कुमार को किसी फैक्ट्री बनाने को लेकर चर्चा करते सुना? नीतीश कुमार के लिए आज चर्चा का विषय क्या है? उनके लिए आज चर्चा का विषय है कि धरती का नाश होने वाला है। मोबाइल का उपयोग करने से लोग पागल हो रहे हैं। क्या यही नीतीश कुमार का काम है? नीतीश कुमार क्या साइकोलोजिस्ट हैं? या मनोवैज्ञानिक हैं? प्रशांत किशोर ने कहा इन नेताओं से आप क्या अपेक्षा करते हैं? तेजस्वी यादव जैसे लोग चाहते हैं कि समाज में लोग एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते रहें। समाज अगर पिछड़ा रहेगा तभी न जाकर 9 वीं पास आदमी को लोग अपना नेता मानेंगे।

कहा कि बिहार में जो आदमी शर्ट के ऊपर गंजी पहन लिया तो लोगों को लगता है कि वही जमीनी नेता है, भले उसको भाषा और विषय का ज्ञान नहीं हो। कोई पढ़ा-लिखा आ जाए तो हम और आप बात करते हैं कि ये बिहार में नहीं चलेगा। आज देश में भ्रष्टाचार कहां नहीं है? नेता कहां झूठ नहीं बोल रहे हैं? इसके बावजूद आज बिहार जैसी भयावह स्थिति देश के किसी दूसरे राज्य में नहीं है। क्या कोई तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल जैसे राज्यों से बिहार में आकर मजदूरी कर रहा है? मगर बिहार के लोग जानवरों की तरह ट्रेन में लदकर भेड़-बकरी की तरह मजदूरी करने जा रहे हैं।

# बिहार पुलिस एसआई की मुख्य परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**पटना।** बिहार पुलिस सब-ऑर्डिनेट सर्विसेज कमीशन ने सब इंस्पेक्टर प्रोहिबिशन और सब डिविजनल फायर स्टेशन ऑफिसर (विज्ञापन संख्या 01/2023) की मुख्य परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। आधिकारिक वेबसाइट /www.bpssc.bih.nic.in पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। प्रारंभिक लिखित परीक्षा 16 जुलाई 2023 को एक ही पाली में हुई थी। अब मेंस की परीक्षा होनी है।

मुख्य परीक्षा 3 सितंबर, 2023 को आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के लिए रिक्तियों की संख्या 64 है। परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी के पास एक वैध पहचान प्रमाण पत्र होना चाहिए जिस पर उनकी फोटो हो। इसके साथ ई-प्रवेश पत्र ले जाना होगा। पहचान पत्र के लिए आप मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड), पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या आधार कार्ड ले जा सकते हैं।

**डुप्लीकेट ई-प्रवेश पत्र भी किए जा सकते हैं प्राप्तः** एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थियों को पंजीकरण आईडी या मोबाइल नंबर के साथ जन्म तिथि डालनी होगी। इसके बाद एडमिट कार्ड डाउनलोड हो सकता है। डुप्लीकेट ई-प्रवेश पत्र आयोग के पटना कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर
रिक्त पद
(Vacancy)
Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023
- Reception-2 post
- Medical salesman-2post
- Manager-2post. qualification MBA
- Computer knowledge compulsory
- Lab technician-1post (Qualification-DMLT)
Note - Salary in 5 digit
DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director



## खबरें फटाफट

### जीविका दीदीओं को डीएम ने स्वरोजगार के सामान के साथ दिया चेक

**बक्सर।** देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर महिला सशक्तिकरण की बानगी बने जीविका द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर जीविका संपोषित संकुले स्तरीये संघ, ग्राम संगठनो एवें समूहो में झंडोतोलने के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर इटाढ़ी प्रखंड के हरपुर-जयपुर पंचायत में सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत बसंतपुर गांव में सावित्री दीदी के दुकान का भी शुभारंभ कर उन्हें आजीविका का स्त्रोत उपलब्ध कराया गया, जो स्वतंत्रतो दिवस के मौके पर मानवता, पर्यावरण एवं देश के विकास के प्रति समर्पण की भावना को प्रदर्शित करता है। वहीं उनवासे में आयोजित कार्यक्रम में जीविका के दो दीदी फुलकुमारी एवं सगुना दीदी को क्रमशः किराना एवं फल दुकान का सामान उपलब्द्ध कराया गया। साथ ही विक्रम इंग्लिश पंचायत की निशा दीदी को चेक डीएम अंशुल अग्रवाल के हाथों दियो गया। जिलाधिकारी के द्वारा जनता दरबार का भी आयोजन बुधवार को किया गया।

### बीएलओ को दिया गया निर्देश

**केसठ।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीएलओ को निर्देश दिया गया की सभी प्रखंड के बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में हाउस टू हाउस जा कर लोगो का सर्वे करेगें। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। साथ ही उन्हें नाम सुधारने,नाम हटाने तथा नाम जोड़े आदि को लेकर प्रशिक्षण दी गई। बैठक में नोडल बीएलओ अजय कुमार विक्रांत, लालबाबू प्रसाद, सुनील प्रसाद, बिनोद कुमार, मुन्ना प्रसाद समेत अन्य सभी बीएलओ मौजूद थे।

### तिलक राय हाता ओपी थाना क्षेत्र के भिक्षु के डेरा के रहने वाले हैं दोनों मृतक

# मचा कोहराम: गंगा के भागड़ में डूबने से दो की मौत, 24 घंटे बाद उतराया शव

**केटी न्यूज/सिमरी**

मंगलवार को तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के भिक्षु के डेरा के समीप गंगा के भागड़ में डूबने से एक किशोर व एक युवक समेत दो की मौत हो गई। दोनों का शव 24 घंटे बाद भागड़ में उपलाया मिला। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। मृतकों की पहचान भिक्षु के डेरा के बीरेन्द्र गुप्ता के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार तथा मनोज गुप्ता के 15 वर्षीय पुत्र अजित कुमार के रूप में हुई है। शव बरामद होने के बाद स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार भिक्षु के डेरा के करीब आधा दर्जन लड़के मंगलवार की सुबह गांव के समीप स्थित ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम के पास गंगा के भागड़ में नहाने गए थे। नहाने के दौरान ही रोहित और अजित

■ **दोस्तों के साथ नहाने के दौरान हुआ हादसा**

गहरने पानी में चले गए। उन्हें डूबता देख साथ नहा रहे दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन उनके सामने ही दोनों डूब गए। जिसके बाद साथ नहा रहे सभी युवक रोते चिल्लाते गांव की तरफ भागे। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिजनों के अलावे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीण गोताखोरों द्वारा शव की तलाश शुरू की गई। वही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव ने घटना की सूचा तिलक राय के हाता ओपी व सिमरी सीओ व बीडीओ को दी। सूचना मिलते ही सीओ, बीडीओ तथा ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से शव की तलाश शुरू करावाई। लेकिन पूरे दिन के प्रयास के बाद भी शव नहीं मिला।

**24 घंटे बाद उपराया मिला शव :** वही बुधवार को दोनों का शव भागड़ में उपलाया मिला। परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई वे तत्काल मौके पर पहुंच पुलिस को सूचना दिए। जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लो पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा।

**गांव में पसरा रहा मातमी सन्नाटा :** इस घटना के बाद गांव में दूसरे दिन भी मातमी सन्नाटा पसरा रहा। वही मृतकों के दरवाजे पर मातमपूर्सी करने वालों की भीड़ लगी रही। पूरे दिन लोग दोनों के दरवाजे पर जाकर उन्हें ढांढस बंधाते रहे। वही पूरे दिन मृतकों के घर से रोने सिसकने की आवाजें आती रही। इस घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा। लोग अपने बच्चों को भागड़ की तरफ जाने से रोक रहे थे।

## नावानगर के दो पंचायतों में कृषि उद्यमी सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**केटी न्यूज/बक्सर**

नावानगर में दो कृषि उद्यमी सेवा केन्द्र का उदघाटन किया गया है। यह उद्घाटन बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा 1.5 करोड़ ग्रामीण निर्धनतम से निर्धन परिवारों को सामुदायिक संगठनों स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन/संकुल स्तरीय संघ/उत्पादक समूह/उत्पादक कंपनी द्वारा जीविका संवर्धन से जोड़ने, उन्हें सशक्त करने एवं उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध रूप से कार्यरत है। इसके लिए कृषि उद्यम का मॉडल को अवसर एवं विकास के आयाम के रूप में एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इस मॉडल से किसान बाजार के अवसर की पहचान और व्यापार की समझ उत्पन्न कर रहे है। अवसर को प्राप्त करने के लिए संसाधनों की व्यवस्था करना और सौंपना व्यापार विचार को लागू करने के लिए ऑपरेटिंग व्यापार संगठन का निर्माण करना एवं संगठन का प्रबंधन करने में कुशल होंगे। इसी उद्देश्य से बक्सर जिला के नवानगर प्रखंड के चार पंचायतों केवटिया ग्राम, बाबु इंग्लिश पंचायत, दवनपुरा, बेलाव पंचायत में कृषि उद्मी सेवा केंद्र का उदघाटन बुधवार को नवानगर बीडीओ एवं बेलाव मुखिया तथा जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा किया गया।

## श्रम विभाग ने प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 संशोधित अधिनियम 55 के अंतर्गत सिमरी एवं चक्की प्रखंड में विभिन्न क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के दुकान एवं प्रतिष्ठानों का बुधवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चक्की, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी नावानगर एवं भरियार चक्की ओपी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिक नहीं पाए गए। वहीं सभी दुकानदारों को बाल श्रमिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही दुकानदारों से बाल श्रमिक नहीं रखने का शपथ पत्र भरवाया। निरीक्षण के दौरान दुकानों व प्रतिष्ठानों को निबंधित कराने हेतु निर्देश दिया गया। इसके साथ ही इस दौरान बाल श्रमिक नहीं रखने से संबंधित सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया। बिहार दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 के अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण मंत्री श्रम संसाधन विभाग के आदेशानुसार बक्सर जिला के दुकानों का सर्वेक्षण करना है।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर याद किए गए भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, दी गई श्रद्धांजलि



**बक्सर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पूण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी बक्सर नगर के द्वारा पूण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अजय वर्मा ने की। श्रद्धांजलि सभा में बाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता बैकुंठ नाथ शर्मा ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष व कैमूर के प्रभारी ने अटल बिहारी बाजयेपी को देश का सर्वमान्य नेता बताया तथा उनके पदचिन्हों पर चलने का कार्यकताओं से आग्रह किया। सभा को संबोधित करने वालों में शिवजी खेमका, अधिवक्ता तेज प्रताप सिंह छोटे, शशिभूषण तिवारी, नगर मंत्री अमृता देवी, अवध बिहारी मिश्रा, राजू यादव, चंदन ठाकुर, अजय ओझा, सोनू राय, श्रीमन तिवारी, पवन चौरसिया, अमृत गुप्ता, मुकेश पाण्डेय, अनिल पांडेय, रविरंजन, एसके सिह मिथुन शिंदे, दीपक केशरी, गणेश कुमार शर्मा, पियूष वर्मा, बसंत कुमार, विनोद तिवारी, गोलू मिश्रा समेत पार्टी कार्यकर्ता के साथ ही नगर के अन्य बुद्धिजीवी लोग शामिल रहे। सभी ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### अपशिष्ट कचरा प्रबंधन इकाई का हुआ उद्घाटन

**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार पंचायत के लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत मंगलवार को अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बीडीओ ने ग्रामीणों से कचरा प्रबंधन के कार्यों में लगे कर्मियों को सहयोग करने व गली-नालियों को साफ सुथरा रखने के साथ ही कचरे को एकत्रित करने व डस्टबिन का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि



स्वच्छ व स्वस्थ रहने के लिए सफाई जरूरी है। गंदगी से कई तरह की बीमारियां फैलती है। इस तरह लोगों को कई तरह के सुझाव दिये।उन्होंने कहा की लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गांव से निकलने वाले सूखा एवं गीला कचरा को अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से सभी तरह के कचरे को अलग अलग चौंबर में रख कर कचरा निस्तारण किया जाएगा।एवम इस से जैविक खाद तैयार किया जाएगा। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में कुल 14 वार्ड में 28 स्वच्छता कर्मियों द्वारा पैडल रिक्शा से कचरा का उठाव व उसका पृथक्करण का कार्य किया जाएगा। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर कार्यरत कर्मियों की संख्या 04 है। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर 13 पेडल रिक्शा (प्रत्येक वार्ड के लिए 01) वहीं 01 ई-रिक्शा का उपयोग कचरा उठाने में किया जाएगा। बता दें कि अपशिष्ट प्रकरण इकाई भवन का निर्माण में कुल लागत राशि 07 लाख 49 हजार है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

पीएनएस वार्यस एण्ड केवल

की तरफ से हार्दिक बधाई



PNS WIRES & CABLES

OMEGA TRANSMISSION PVT. LTD.

Government of Bihar : Approved VENDOR

Registered Offce : 60+61/1 Jaya Bibi Road Ghusuri Howrah - 711107

Works- 707, Panchayat Road, Vill- Bangihati P.0- Mallickpara, P.S.- Serampore , Dist.- Hooghly

Email -sbs.omega@yahoo.com | Web- www.pnscables.in




98362 47779/ 9331347733 | sbs.omega@yahoo.com | www.pnscables.in |

## शहीद दिवस के अवसर पर स्वयंशक्ति संगठन ने राजगढ़ से निकाली तिरंगा यात्रा, हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

# शहीदों के सम्मान में निकली 151 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहीद दिवस के मौके पर डुमरांव के स्वयंशक्ति संगठन द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस साल भी अमर शहीदों के सम्मान में 151 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह आयोजन शहीद दिवस के मौके पर हुआ था। राजगढ़ से शुरू हुआ तिरंगा यात्रा चौक रोड, गोला रोड, ट्रेनिंग स्कूल, नया थाना होते हुए शहीद स्मारक पहुंचा। यहां अमर शहीदों को नमन करने तथा उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित कर तिरंगा यात्रा संपन्न हुआ। इस तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता भीम मिश्र ने किया।

जबकि बतौर मुख्य अतिथि डुमरांव राज परिवार के युवराज शिवांग विजय सिंह व नगर परिषद की चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने भी इस यात्रा में भाग लिया। शिवांग विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अपने वीर सपूतों की कुबार्नी याद रखना हम सबका दायित्व है। यह आयोजन हमें उनकी वीरता भरी शहादत की यादें ताजा करता है। वहीं चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने भी तिरंगा यात्रा के आयोजन के लिए स्वयंशक्ति संगठन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन अध्यक्ष सह नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी उर्फ बप्पी तिवारी, प्रमुख धीरज मिश्र, सदस्य अंकित केशरी, ऋतु राज, बिट्ठू,, चौधरी, अभिषेक जयसवाल, सुमित गुप्ता, अजीत गुप्ता चंदन केशरी, सर्वेश पांडेय, चुन्नू पांडेय, दुर्गेश पांडेय, नारायण वर्मा, संदीप केशरी, राहुल जायसवाल, मनीष मिश्रा, पप्पू राय, प्रशांत ठाकुर, रोहित ठाकुर, राजेश मिश्र, सुनील प्रजापति समेत सैकड़ो कार्यकताओं ने सराहनीय भूमिका निभाई।












# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में आन बान और शान से लहराया तिरंगा



**केटी न्यूज/बक्सर**

77 वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेभर में आन बान व शान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया गया। मुख्य समारोह बक्सर के किला मैदान में आयोजित हुआ था। जहां सूबे के पशु एवं मत्स्य विभाग मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री मो अफाक आलम ने झंडोतोलन किया। इस दौरान एमपी हाई स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। वही एनसीसी कैडेटो व एनएसएस के वोलंटियरों के साथ ही विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की टोलियों द्वारा मार्च पास्ट झंडे को सलामी दी गई। प्रभारी मंत्री के साथ ही डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के बारे में जिलेवासियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास उतरोतर हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने लोगों ने स्वच्छता अपनाने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने व पौधों की देखभाल करने की सीख दी। इसके बाद डीएम ने समाहरणालय परिसर में राष्ट्रध्वज फहराया। मौके पर उपस्थित समाहरणालय कर्मियों तथा सुरक्षाकर्मियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। डीएम ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

## डुमरांव में उल्लास के साथ मना आजादी का पर्व



**डुमरांव।** डुमरांव में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास भरे माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी सरकारी व निजी स्कूल, कॉलेजों, कार्यालयों व प्रतिष्ठानों के अलावे हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों के घरों पर भी तिरंगा फहराया गया। मुख्य समारोह राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ था, जहां एसडीओ कुमार पंकज ने झंडोतोलन कर परेड की सलामी ली। इस दौरान एनसीसी कैडेटो व एनएसएस के वोलंटियरों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर झंडे को सलामी दी गई। इसके बाद देर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। वहीं जानकारी के अनुसार एसडीओ कार्यालय में एसडीओ हरेन्द्र कुमार ने, एसडीपीओ कार्यायल में एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने, संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल में निदेशक डा रमेश सिंह, राइजिंग सन इंटरनेशलन स्कूल में डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह, डुमरांव थाना में थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख अनुपा देवी ने झंडोतोलन किया। संत जॉन व राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक, कौव्वाली तथा भाषण देकर उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया था।

# वीर सपूतों की शहादत की बदौलत आज हम चैन से हैं: डीएम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन यानी बुधवार को डुमरांव में शहीद दिवस मना। इस दिन डुमरांव के अमर सेनानियों को नमन किया गया। बता दें कि 16 अगस्त 1942 को डुमरांव के चार क्रांतिकारी वीर सपूतों ने थाने पर तिरंगा फहराने के दौरान सीने पर गोलियां खा अमर हो गए थे। यह दिन डुमरांववासियों को जोश व उत्साह में भर देता है। हर साल शहरवासी शहीद स्मारक पर अमर सपूतों की याद में शहीद दिवस मनाते है। सूबे की सरकार ने इस समारोह को राजकीय समारोह का दर्जा देकर इसमें भव्यता ला दी है।

बुधवार को देश पर न्योछावर होने वाले अमर शहीद कपिलमुनि, गोपालजी, रामदास सोनार और रामदास लोहार सहित अन्य क्रांतिकारी वीर सपूतों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें नमन किया गया। जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों सहित शहर के गणमान्य लोगों को उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान डुमरांव विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने कहा कि युवा पीढ़ी अपनी क्षमता को पहचाने और राष्ट्र के नवनिर्माण में सहयोग करें। वीर सपूतों के सपनों को साकार कर युवा पीढ़ी राष्ट्रभक्ति के साथ सुनहरे भविष्य में अपनी उड़ान भरनी चाहिए। डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि डुमरांव वीरों की धरती है। वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर देश को आजादी दिलायी। उनकी शहादत की बदौलत आज हम खुशहाल और चैन से हैं। एसपी मनीष कुमार ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की बलिदानी गाथा से काफी प्रेरणा मिलती है। उस दौरान पुलिस महकमा भारत माता के जय कहने वालों पर गोलियां बरसाती थी। आज की पुलिस महकमा उन शहीदों को सलाम करता है। देश की तरक्की और सुनहरे भविष्य में युवा पीढ़ी अपनी उड़ान भरकर शहीदों के सपनो को साकार करें। डुमरांव के इन वीर शहीदों के बलिदान को भुलाया नही जा सकता। जरूरत है इन सपूतों के सपनों को साकार करने की। एसडीएम कुमार पंकज आगत अतिथियों का स्वागत किया और वीर सपूतों को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान डुमरांव विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद के परिजनों को सम्मान देते हुए उन्हें अंग वस्त्र और गांधी टोपी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डुमरांव एसडीएम ने किया। इस दौरान शहीद स्मारक समिति के संयोजक संजय चंद्रवंशी, गोपाल गुप्ता आदि ने सभी का स्वागत किया। मौके पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, सीओ अंकिता सिंह, शंभु चंद्रवंशी, अशोक प्रजापति, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता, अनुराग मिश्रा, मिस्टर मनोज, शमीम मंसूरी, बिजली राम, उमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।









## प्राचीन मां भवानी मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा, नया बाजार से पुराना बाजार होते हुए मां भवानी मंदिर पहुंची

# केसठ में निकली तिरंगा यात्रा, जयघोष से गूंजता रहा इलाका

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ पंचायत में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवयुवकों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राचीन मां भवानी मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा नया बाजार, पुराना बाजार होते हुए मां भवानी मंदिर पहुंचकर समाप्त हो गई। यात्रा के व्यवस्थापक हिमांशु आर्ट्स तथा अध्यक्षता समाजसेवी नंदजी यादव ने किया। वही संचालन रत्न रावत और बिनोद मास्टर ने संयुक्त रूप से किया। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में युवाओ, नन्हे मुन्ने बालक सहित सभी धर्म के लोगों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय,वंदे मातरम के जयकारों से सरोबार रहा।



## हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

मंगलवार को 77वे स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों से लेकर निजी संस्थानों तक, स्कूलों से लेकर घर-घर व चप्पे-चप्पे पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराता नजर आया। प्रखंड में भक्ति के रंग में सराबोर लोग आजादी के तराने गा रहे थे। अमर सेनानियों, महापुरुषों व शहीदों के सम्मान में कसीदे काढ़ रहे थे तथा उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अपनी कृतज्ञता जता रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह और बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा,पंचायत भवन,मनरेगा भवन और पंचायत सरकार भवन में पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, अनुसूचित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक लाल बाबू प्रसाद, पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार कृषि कार्यालय में आत्मा अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दुबे, केवाईपी में बीडीओ और जीविका कार्यालय में बीपीएम धर्मवीर कुमार गुप्ता ने झंडातोलन किया।

# निक्षय मित्र योजना सराहनीय, मरीजों की होगी मददः मुखिया



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना और टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम को गति देने के लिए सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया गया। जिसके तहत एचडब्ल्यूसी पर सीएचओ के माध्यम से टीबी के लक्षण वाले मरीजों प्राथमिक जांच करते हुए उन्हें टीबी के लक्षणों कीपहचान, इलाज व बचाव की जानकारी दी गई। इस क्रम में निक्षय दिवस अवसर पर जिले के इटाढ़ी प्रखंड के बसुधर पंचायत स्थित एचडब्ल्यूसी में पंचायत के मुखिया अशोक राय ने टीबी के दो इलाजरत मरीजों निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया। उन्होंने मरीजों को आश्वस्त किया कि इलाज की पूरी अवधि के दौरान वे उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सरकार की निक्षय मित्र योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से टीबी मरीजों की काफी मदद होगी। जिससे मरीजों को टीबी से जल्द मुक्ति तो मिलेगी, साथ ही उन्हें मानसिक रूप से सपोर्ट भी मिलेगा।

- निक्षय दिवस के अवसर पर बसुधर पंचायत के मुखिया ने टीबी मरीजों को लिया गोद

**इलाज की पूरी अवधि के दौरान करे नियमित दवाओं का सेवन :** एचडब्ल्यूसी के सीएचओ पवन राय ने बताया कि सेंटर पर मरीजों का बलगम एकत्रित कर उसे जांच के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र भेजा जाता है। जहां पर जांच में पुष्टि होने पर उनका निबंधन निक्षय पोर्टल पर किया जाता है। जिसके बाद उनकी एचआईवी व डायबिटीज जांच कर इलाज शुरू किया जाता है। साथ ही, निक्षय दिवस के अवसर पर उनका ज्ञानवर्द्धन किया जाता है। मरीजों का इलाज शुरूआती चरण में ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने मरीजों को इलाज की पूरी अवधि के दौरान नियमित रूप से दवाओं का सेवन करने की अपील की।

**गोद लिए जाने की सूचना डीटीसी को उपलब्ध करायी जाएगी :** मौके पर एसटीएस इंदु कुमारी ने बताया कि निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों को सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग के लिए सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य व्यक्तियों, निक्षय मित्रों और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग से मरीजों को गोद लेने संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गोद लिए जाने से संबंधित सूचना जिला यक्ष्मा केंद्र को उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही निक्षय दिवस पर बलगम जांच के लिए संदर्भित सभी रोगियों के बलगम की शत-प्रतिशत जांच की जाएगी और रिपोर्ट को नोटिफिकेशन के लिए निक्षय पोर्टल अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने पंचायत के सभी टीबी मरीजों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उन्हें भी निक्षय मित्र मित्र का लाभ दिया जाएगा। ताकि, पंचायत के साथ साथ पूरे प्रखंड व जिले से जल्द से जल्द टीबी को मुक्त बनाया जा सके।

### कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में मंगलवार देर रात वारदात को दिया अंजाम

# सो रहे अधेड़ की हत्या, कीमती सामान और संपत्ति के कागजात ले गए हत्यारे



**केटी न्यूज/ डुमरांव**

दलान में सो रहे एक 60 वर्षीय अधेड़ की लाठी और धारदार हथियार से पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। हत्यारे दलान में रखे संपति के कागजात तथा अन्य कीमती सामान भी उठा ले गए है। घटना मंगलवार की देर रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव की है। घर वालों को सुबह में इस घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। उनके क्रंदन चित्रकार को सुन आसपास के लोग भी मृतक के दरवाजे पर पहुंचे तथा पुलिस को जानकारी दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को कब्जे में ले पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए बक्सर दी। वही घटना की तफ्तीश भी शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान स्व हरेकृष्ण यादव के पुत्र चंद्रमा यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह रात में प्रत्येक दिन की तरह घर से बाहर दलान में सो रहा था। देर रात हत्यारों ने ग्रिल तोड़ उन्हें लाठी-डंडों तथा रॉड या धारदार हथियार से वार कर उसे मौत के निंद सुला दिया। उसके सर पर चोट के निशान मिले है। घटना के संबंध में परिजन तथा पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। मृतक के दो पुत्र है जो गुजरात में नौकरी करते है। घर पर एक पोता व उसकी पत्नी रहती है। दोनों दलान से सटे कमरे में ही सो रहे थे। लेकिन हत्यारों ने उनके दरवाजे को बाहर से बंद कर इस घटना को अंजाम दिया है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो सका है। वैसे सूत्रों की मानें तो मामला जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी व कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दिए है।

### एसएफएल और डॉग स्क्वायड की ली गई मदद

इस हत्याकांड को सुलझाने के लिए पुलिस ने एसएफएल टीम व डॉग स्क्वायड की मदद भी ली है। बुधवार को पटना से एसएफएल की टीम घटना स्थल पर पहुंच खून के नमूनों तथा कुछ अन्य चीजों को भी अपने साथ ले गई है। वही डिहरी से डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई है। लेकिन डॉग स्क्वायड भी किसी नतीजे तक नहीं पहुंचा है।

### क्या कहते है एसडीपीओ



लेवाड़ गांव में एक वृद्ध की हत्या की गई है। पुलिस इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। मृतक के दोनों बेटे अभी बाहर है। आने पर एफआईआर दर्ज होगा। शीघ्र ही इस हत्याकांड का उदभेदन कर लिया जाएगा।

## सड़क मरम्मती में अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने रोका काम

**केसठ।** केसठ-चौगाई मार्ग से होकर बैजनाथपुर जाने वाली मार्ग के मम्मती कार्य में अनियमितता का आरोप लगा बुधवार को ग्रामीणों ने काम पर रोक लगा दी। सूचना पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने मरम्मती कार्य में इस्तेमाल हो रहे सामनो का सैंपल ले जांच के लिए भेजा जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

जानकारी के अनुसार केसठ चौंगाई मार्ग से निकलकर बैजनाथपुर जाने वाली मार्ग के एक किमी सड़क को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क निर्माण योजना के ठीकदार द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के मरम्मती कार्य में गुणवता को दरकिनार कर ठिकेदार द्वारा मरम्मती कराया जा रहा था। विभागीय ठेकेदार की इस मनमानी पर ग्रामीण भड़क गए और ठेकेदार को कार्य करने से मना कर दिया। ग्रामीण भूलन दुबे, धुरुप नारायण तिवारी,धीरेंद्र तिवारी,चुनुमुन मिश्र, विकाश कुमार आदि लोगों का आरोप है कि मौके पर मौजूद कर्मियो अधिकारीयों द्वारा गुणवता पूर्ण कार्य करने की बात कहने के बावजूद अपनी मनमानी से कम कर रहा था। जिस पर मरम्मत कार्य को ठप करा दिया गया। बीडीओ ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।









### पार्थिव शरीर के आते ही शहीद गौतम अमर रहे के नारों से गूंज उठा गांव

# राजकीय सम्मान के साथ शहीद गौतम को दी गयी अंतिम विदाई

**केटी न्यूज/आरा**

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन पहले झारखंड में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद भोजपुर के जांबाज सपूत गौतम कुमार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। बुधवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव शाहपुर के रंदाडीह पहुंचते ही अपने वीर सपूत का अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। गांव सहित आसपास का पूरा इलाका गौतम कुमार अमर रहे और जबतक सूरज चांद रहेगा, गौतम तेरा नाम रहेगा के नारों से गूंज उठा।



इधर, बेटे का पार्थिव शरीर देख उनके घर में कोहराम मच गया। परिजनों के चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। ताबूत में तिरंगे में लिपटे बेटे का पार्थिव शरीर देखती ही मां धर्मशीला देवी फफक पड़ी। बेटे के पार्थिव शरीर से लिपट गयी और रोने लगी। शहीद के तीन भाई और बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। उसके बाद शहीद गौतम का बक्सर के चरित्रवन स्थित गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। छोटे भाई मोहित ने मुखाग्नि दी। उससे पहले शहीद को उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शाहपुर विधायक राहुल तिवारी, जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी, एसडीपीओ राजीव चंन्द्र सिंह, शाहपुर बीडीओ राकेश कुमार, सीओ श्रेया मिश्रा, बिहिया इंस्पेक्टर कमलेश्वर कुमार सिंह, शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बलिराम यादव, मुखिया बीरबल सिंह व शिक्षक विजय कुमार समेत काफी संख्या में लोगों द्वारा अपने जांबाज सपूत को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उस अवसर पर शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

### हाथ में तिरंगा लिए लोगों ने लगाए गगनभेदी नारे

जांबाज गौतम कुमार की शहादत की खबर मिलने के बाद से ही लोग उनके दर्शन को बेताब थे। शहीद के पार्थिव शरीर लाये जाने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए बुधवार की सुबह ही तिरंगा लेकर बिहिया चौरास्ता पहुंचे। पार्थिव शरीर पहुंचते ही बिहिया चौरास्ता इलाका शहीद गौतम अमर रहे के गगनभेदी नारे गूंज उठा। उसके बाद जुलूस की शक्ल में उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पैतृक रंदाडीह लाया गया। उस दौरान काफी संख्या में बाइक सवार लोग हाथ में तिरंगा लहराते और शहीद गौतम अमर रहे जैसे नारे लगा रहे थे। गांव की गलियों से लेकर चौक चौराहे तक शहीद का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ जमा रही।

## भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेवारी: सुदय

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में 77वां स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय परिसर से उत्तम स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश स्काउट- गाइड ने रैली निकालकर लोगों को दिया। रैली में स्वच्छता के साथ-साथ देश भक्ति नारे स्काउट- गाइड ने लगाया। विधायक कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ फूलों की वर्षा कर स्काउट- गाइड ने किया।



वहीं विधायक ने झंडोतोलन कर सभी को 77वां स्वतंत्रता दिवस की बधाई दिए और कहा कि वीर शहीदों ने बलिदान देकर इस देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, हमारा देश सभी जाति- धर्म को सम्मान करती है। इसीलिए हम सभी प्रगति कर देश का नाम रोशन करें। इन्होंने स्काउट- गाइड एवं प्लास्टिक वॉरियर्स को सम्मानित करते कैरी बैग वितरण समारोह का उद्घाटन किया। वहीं मौके पर मौजूद सत्येंद्र नारायण सिंह कॉलेज जहानाबाद के प्राध्यापक डॉ उमाशंकर सुमन और बेलागंज पैक्स अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो अरवल मोड़- फिदा हुसैन रोड- मलहचक मोड़ होते हुए निकली रोड हॉस्पिटल मोड़ से कार्यालय पहुंचा। यहां बड़ी संख्या में उपस्थित स्काउट- गाइड एवं प्लास्टिक वॉरियर्स को उपरोक्त दोनों अतिथियों ने कैरी बैग से सम्मानित किया।

## रानी लक्ष्मीबाई टीम ने कल्पना चावला गर्ल्स टीम को एक गोल से हराया

**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय के गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय भी टी खेल मैदान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गर्ल्स फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई बनाम कल्पना चावला गर्ल्स फुटबॉल टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन असम रेजीमेंट के लेफ्टिनेंट रवि रंजन, जहानाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह, टाउन थाना के सीनियर पुलिस अधिकारी रमेश कुमार ने गर्ल्स खिलाड़ियों से परिचय लेकर फुटबॉल के किक लगाकर खेल का शुभारंभ किया। जहानाबाद गर्ल्स फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित मैच में दोनों टीम नवोदित होने के बावजूद भी खेल में काफी उतार-चढ़ाव रखा। मध्यांतर के पहले ही रानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स टीम ने एक गोल कर बढ़त बना ली थी। जो अंत तक बरकरार रखकर जीरो के मुकाबले एक गोल से मैच जीत ली। गर्ल्स फुटबॉल अकादमी के चेयरपर्सन सह मैच के संचालक राजीव कुमार रंजन ने बताया कि जहानाबाद में पहली बार जिले के गर्ल्स टीम बनी है। जिसे राज्य स्तरीय अंतर जिला खेल प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी चल रही है। मैच रेफरी हवलदार धीरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, मोहम्मद नसरुद्दीन उर्फ झूनू थे।









## राजकीय जिला पुस्तकालय का हुआ लोकार्पण, सांसद ने लोगों को दिया संदेश

# जरूरत पड़ी तो अपनी निधि से दूंगा फंड: मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त' द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस पुनीत कार्य के लिए जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की सराहना की। कहा कि जिले के विकास के लिए पुस्तकालय का नवीनीकरण अच्छी पहल है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वहां उपस्थित जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों का इस पुस्तकालय के नवीनीकरण के लिए आभार जताया। उन्होंने वहां सेक्शन वाइज रखी किताबों पर संतुष्टि जताई और वहां उपस्थित अधिकारियों से अनुरोध किया कि आप भी एकाध घंटे का समय निकालकर बच्चों की शिक्षा में लगाएं ताकि यहां के बच्चे बड़ी-बड़ी परीक्षाओं में सफलता पा सकें और जिले का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ेगी तो मैं अपने विधायक निधि से फंड की व्यवस्था कर सकता हूं। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि पुस्तकालयों से



समाज के भूत और भविष्य की जानकारी प्राप्त होती है। कहा कि पुस्तकालयों का निर्माण करना हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है। हमारे देश की अवधारणा से विश्व के दूसरे देश पुस्तकालयों का निर्माण करवाने लगे। उन्होंने पुस्तकालय प्रबंधक को पुस्तकालय कक्ष में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई और चंद्रशेखर की फोटो लगाने के निर्देश दिए। आगे उन्होंने कहा कि क्योंकि हमारा जिला कृषि प्रधान जिला है इसलिए कृषि से संबंधित किताबें भी पुस्तकालय में होनी चाहिए। उन्होंने ऋषि पाराशर को उल्लेखित करते हुए जानकारी दी कि सर्वप्रथम मोटे अनाज की खेती का वर्णन पाराशर शास्त्र में है। इसलिए यह किताब पुस्तकालय में होनी चाहिए। उन्होंने पुस्तकालय प्रबंधक से अनुरोध किया कि पुस्तकों को सुरक्षित और संरक्षित प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की पहल पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों की सजावट, साफ सफाई और प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार वितरित किया गया। प्रथम पुरस्कार विकास भवन से जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र को, द्वितीय पुरस्कार कलेक्ट्रेट से एडीएम डीपी सिंह को और तृतीय पुरस्कार प्रधान डाक अध्यक्ष को जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया।

**पौधरोपण्ण अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और



सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त'के द्वारा जिले के राजकीय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पीपल के पौधे का रोपण किया गया और शीलाफलकम का अनावरण किया गया। वहीं, वन विभाग, बलिया द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को वन विहार प्रभागीय कार्यालय, जीराबस्ती प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का कार्य आरंभ किया गया। और प्रभागीय निदेशक ने अपने अधीनस्थों को उनके कर्तव्य और दायित्व का बोध कराया। इस अवसर पर समस्त कर्मचारियों को संकल्प दिलाया गया कि तन मन धन से राष्ट्र की एकता अखंडता और भाईचारे के लिए जागरूक नागरिक की तरह कार्य करेंगे एवं अपने देश को उन्नति के शिखर पर ले जाएंगे। यही हमारा हमारी प्रतिज्ञा है और यही पुनीत कर्तव्य है।

**डीएम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से किया सम्मानित :** खेल विभाग द्वारा जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस कुंवर सिंह चौराहे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। जो कुंवर सिंह चौराहे से प्रारम्भ होकर वापस वहीं पर समाप्त हुई। इसके बाद वीर लोरिक स्टेडियम में ध्वजारोहण किया किया। जिलाधिकारी ने क्रास कंट्री रेस के विजेता बालक वर्ग में 97 एवं बालिका वर्ग में 40 को शील्ड और टैक सूट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## विद्यालय के शिक्षक ने की छात्र की पिटाई

**बलिया।** कहा जाता है कि आईना झूठ नहीं बोलता है। ऐसा ही एक मामला शिक्षा क्षेत्र मनियर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में बुधवार को देखने को मिला, जहां कुछ शिक्षक एक छात्र की जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसे देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह शिक्षक नहीं किसी थाने के इंस्पेक्टर हैं। फिर क्या था अभिभावक स्कूल पर पहुंचे और जमकर बवाल काटा। इसकी सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस स्कूल पर पहुंची और दोनों पक्षों को लेकर थाने लाई। उधर खंड शिक्षा अधिकारी मनियर पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की बयानों को दर्ज किया। इसके बाद में क्या अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह स्कूल खुलने के बाद कुछ शिक्षको की कक्षा सात के छात्र अर्जुन राजभर 13 वर्ष पुत्र शिवजी राजभर और अमरजीत राजभर 12 वर्ष पुत्र टुनटुन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद दोनों शिक्षक अपना आपा खो बैठे और दोनों छात्रों की डंडे से जमकर पिटाई कर दिया। छात्र गिड़गिड़ाते रहे , लेकिन शिक्षकों को तनिक भी दया नहीं आई। जब एक छात्र बदहवास हो गया। इसके बाद शिक्षकों ने उसे छोड़ा।

## बहेरी कप में बांसडीह की टीम ने जीता कबड्डी का खिताबी मुकाबला



**केटी नयूज/बलिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहेरी कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सभा बहेरी में किया गया। जिसमें गाजीपुर, नरहीं, बांसडीह व बहेरी की टीम ने भाग लिया। फाइनल का रोमांचक मुकाबला बांसडीह व नरहीं के बीच खेला गया। जिसमें बांसडीह की टीम ने नरहीं की टीम चार अंको से पराजित कर बहेरी कप अपने नाम कर लिया।

मुख्य अतिथि एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश सचिव व सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद शमीम खान व मैनुद्दीन खान उर्फ बड़े भैया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही संयुक्त रूप से टूनामेंट की विजेता बांसडीह व उपविजेता नरहीं की टीम को संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। टूनामेंट की विजेता बांसडीह को नगद 10 हजार व उपविजेता नरहीं को नगद 5000 के नकद पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सूर्योदय पब्लिक स्कूल का प्रबंधक मोहम्मद नसीम खान, प्रेसस इंटरनेशनल के प्रबंधक फैयाज अहमद, पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद, प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, अयूब खान, लाल खान, दौलत खान, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद राजू, अफजल खान, वाहिद खान, कयूम खान बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका में अफजल खान व मुख्तार अहमद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद काशिफ और मेराज अहमद ने किया। आए हुए अतिथियों के प्रति आभार कार्यक्रम के आयोजक मोहम्मद विक्की खान ने किया।

## बलिया के भरौली में दो दिशाओं में जल्द बनेगा एक-एक फोरलेन लिंक रोड

**बलिया।** जनपद के भरौली में दो दिशाओं में एक-एक फोरलेन लिंक रोड का निर्माण होना है। एक लिंक रोड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा। वहीं, दूसरा लिंक रोड पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जोड़ेगा। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लिंक रोड के लिए प्रक्रिया चल रही है। जिले के आठ मौजे के 200 से अधिक किसानों की जमीन अधिग्रहित होगी। प्रशासन ने पहले ही इन आठ मौजे में जमीनों की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी है।

जनपद का दक्षिण-पश्चिमी सिरा रोड कनेक्टिविटी के मामले में काफी मजबूत होने जा रहा है। बिहार प्रांत के सीमावर्ती इलाका भरौली में जहां पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए फोरलेन का लिंक रोड बनेगा वहीं भरौली से ऊंचाडीह तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के लिए फोरलेन सड़क का निर्माण होगा। ग्रीनफील्ड लिंक के लिए जमीन अधिग्रहण हो चुका है और कार्यदायी संस्था की ओर से बरसात के कारण पक्का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, 17 किमी लंबी भरौली से हैदरिया तक फोरलेन लिंक रोड निर्माण की कवायद भी शुरू हो गई है। यह लिंक रोड हैदरिया स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा। यह फोरलेन लिंक रोड एनएच 31 से करीब 800 मीटर की दूरी पर एनएच 31 के समानांतर बनेगी। इसके निर्माण की जिम्मेदारी बिहार एनएचएआई को दी गई है।

## बलिदान दिवस पर आएंगे केंद्रीय मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के लिए गौरवशाली दिन 19 अगस्त बलिया बलिदान दिवस इस वर्ष भी पूरे राजकीय सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने डीएम रवींद्र कुमार व एसपी एस आनंद के साथ बलिदान दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री ने अधिकारियों को कार्यक्रम को उसके गरिमा के अनुरूप मनाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मौजूद रहेंगे। कहा बलिया के लिए 19 अगस्त का दिन गौरवशाली है।



1942 में इसी दिन बागी बलिया के सैकड़ों क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत देकर ब्रिटिश हुकुमत से लोहा लेते हुए जिला कारागार का दरवाजा खोल, जेल मे बंद अपने साथी क्रांतिकारियों को आजाद कराया था। तब बलिया 14 दिनों के लिए आजाद हुआ था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विद्रोही तेवरों की वजह से ही बलिया को बागी बलिया भी कहा जाता है। चाहे अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने की बात हो या फिर उनसे लोहा लेने की, महर्षि भृगु की धरा के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और देश की आजादी से पांच साल पहले ही आजाद भारत माता का दर्शन कर लिया। बागी बलिया के सपूतों ने न सिर्फ ब्रिटिश सरकार को उखाड़ने का काम किया, बल्कि बलिया को राष्ट्र घोषित कर यहां एक समानांतर सरकार भी बनाई, जिसका नाम रखा गया स्वतंत्र बलिया प्रजातंत्र। हालांकि यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चल सकी।










## पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

# अमर शहीदों को याद कर झुके शीश पूरे जनपद में शान से लहराया तिरंगा

**केटी न्यूज/चंदौली**

क्रास कंट्री रेस को दिखाई हरी झंडी,नगर पंचायत चंदौली स्थित शहीद स्मारक में किया पुष्पांजलि अर्पित

चंदौली। जनपद में 77वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कैंप कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर में सेनानियों के परिजनों एवं अधिकारियों वकर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के साथ मुख्यमंत्री के ध्वजारोहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।जिलाधिकारी ने सेनानियों के परिजनों एवं सेना में शहीद हुए जवानों के परिजनों को शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।



खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर रेस की शुरूआत की गई।इसमें 57 पुरुष व 25 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।इस क्रास कंट्री रेस में एक से छह स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने नगर पंचायत चंदौली स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चढ़ा कर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्य विकास एस. एन. श्रीवास्तव ने अन्य अधिकारियों के साथ विकास भवन में ध्वजारोहण किया।इसके साथ ही जनपद के सभी विभागों,स्कूलों कालेज,अमृत सरोवर एवं ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के संबोधन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया और स्वतंत्रता दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। उधर पीडीडीयू नगर स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम राजेश गुप्ता ने तिरंगा फहराया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में चेयरमैन सोनू किन्नर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों पर फहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों की ओर से ध्वजारोहण वहां किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों ने ध्वजारोहण का वीर सपूतों को याद किया और झंडे को सलामी दी। इसी क्रम में भाजपा कार्यालय पर अभिमन्यु सिंह, सपा कार्यालय सत्यनारायण नारायण राजभर, कांग्रेस कार्यालय पर धर्मेंद्र तिवारी बसपा कार्यालय पर घनश्याम प्रधान, सकलडीहा सपा कार्यालय पर विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बड़े त्याग और बलिदान के साथ यह हमें आजादी मिली।

## 77वें स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट में शान से फहराया गया तिरंगा



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। इस दौरान सुबह सात से साढे सात बजे तक क्रासकंट्री रेस का आयोजन किया गया। यह नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर पीजी कालेज चौराहे से पुलिस लाइन मेन गेट होते हुए आदर्श बौद्व इंटर कालेज पर समाप्त हुई। रेस का आयोजन जिला क्रीड़ाधिकारी की देखरेख में किया गया। मंगलवार को सुबह आठ से नौ बजे तक प्रभात फेरी टाउनहाल से प्रारंभ होकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में पहुँची, जहां इसका समापन हुआ। प्रभात फेरी में शामिल लोग कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के संबोधन का सुनने के बाद पूर्वाह्न 10:15 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान आयोजन हुआ। इस दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा कलेक्ट्रेट परिसर गूंजता रहा। ध्वजारोहण के बाद राइफल क्लब ग्राउण्ड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीद परिवार को सम्मानित किया गया। इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। ध्वजारोहण पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/शहीद परिवार का सम्मान जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

## ध्वजारोहण के बाद आरपीएफ के मार्च पास्ट की ली सलामी

**पीडीडीयू नगर।** रेलवे की ओर से जश्न ए आजादी का पर्व मंगलवार को धूम धाम से मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने डीआरएम ऑफिस परिसर में ध्वजारोहण के बाद आरपीएफ के मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान स्काउट गाइड ने आकर्षक सांस्कृतक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल की पलटन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर मंडल के स्काउट एवं गाइड, मंडल कला समिति, आरपीएफ व स्कूली बच्चों की टीम ने देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी तरह प्लांट डिपो इंजीनियरिंग कारखाना के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर मुख्य कारखाना प्रबंधक हरीशचंद यादव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को प्लान डिपो कारखाना के पिछले वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया।




## 35 पुलिस कर्मियों को मिला पुलिस पदक, हुए सम्मानित

**केटी न्यूजल/चंदौली**

जिले के अलीनगर व सैयदराजा एसओ समेत 35 पुलिसकर्मियों को बेहतर काम का ईनाम मिला है। गृह मंत्रालय की ओर से उन्हें अति उत्कृष्ट व उत्कृष्ट सेवा पदक दिया गया है। इसमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड के बाद अलीनगर एसओ शेषधर पांडेय, सैयदराजा एसओ संतोष सिंह, अलीनगर थाने के एसएसआई मुकेश तिवारी, एसआई शिवाकांत पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अति उत्कृष्ट सेवा पदक पाने वाले पुलिसकर्मी में निरीक्षक गोपनीय सुरेश चंद्र, उपनिरीक्षक जमालुद्दीन, सहिपाल यादव, शिवाकांत पांडे, अतुल कुमार, उपनिरीक्षक यातायात विजय प्रकाश सिंह, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार राय, रमाशंकर, प्रकाश चौबे, रामनिवास यादव, दुष्यन्त सिंह, अच्छेलाल यादव, जीतेन्द्र कुमार सिंह , हरिचन्द्र यादव, मुख्य आरक्षी परिवहन लालचन्द्र शामिल है।

## एसी खराब होने से डेढ़ घंटे खड़ी रही ब्रह्मपुत्र मेल, यात्रियों ने किया हंगामा


**केटी न्यूजल/पीडीडीयू नगर**

दिल्ली से गुवाहाटी जा रही ब्रह्मपुत्र मेल के एच वन कोच का एसी खराब हो गया। इससे नाराज यात्रियों ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर खूब हो हल्ला किया। इस दौरान ट्रेन डेढ घंटे तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। विभागीय अधिकारियों ने गड़बडी दूर करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों ने यात्रियों को समझा बुझाकर शांत कराया। बिना गड़बड़ी दूर किए ही ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।



डाउन ब्रह्मपुत्र मेल मंगलवार को दिन में 11:22 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची। निर्धरित ठहराव के बाद ट्रेन आगे के लिए खुली लेकिन ट्रेन के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, स्टेशन अधीक्षक, एसएई आदि पहुंचे। जांच करने पर पता चला कि एच वन कोच से प्रेसर निकल रहा था। हटिंग कपलर एवं बॉलर नही चल रहा है। इसी कारण कारण एसी नहीं चल रहा है। यही नहीं शौचालय में करेंट उतर रहा था। यात्रियों ने बताया कि कानपुर से ही एसी नहीं चल रहा है। पिछले स्टेशन पर बताया गया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर एसी ठीक कर दिया जाएगा लेकिन यहां भी बिना ठीक किए ही ट्रेन खोल दिया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने ओएचई का पावर कट कर खोल कर ठीक करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी गड़बड़ी दूर नहीं हुई। बाद में यात्रियों को समझा बुझाकर शांत कराया गया और ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। ट्रेन लगभग एक बजे आगे के लिए रवाना हुई।






## धूमधाम से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस, डीएम ने कहा-

# 25 सालों में हम स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ें, हमारा देश विकसित होगा

केटी न्यूज/मऊ

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जनपद में सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों, स्कूल कलेजों में धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सुबह 10:15 बजे कलेक्ट्रेट पर झंडारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कई अधिकारियों सहित जिलाधिकारी ने भी अपने विचार रखे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने



प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु हमें दृढ़ संकल्प लेकर आगे बढ़ना है।

भारतीय संस्कृति की विशेषताओं की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमें अपने रहन-सहन में भारतीय जीवन शैली को अपनाना होगा, तभी हमारा देश पुनःविश्व गुरु बन सकेगा। अगले 25 सालों में अगर हम स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो अवश्य ही हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी शामिल होगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से दृढ़ संकल्पित होकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक पालन करने की अपील की। विचार गोष्ठी के दौरान सोनी धापा इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

**विशेष मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन :** दीवानी न्यायालय प्रांगण में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर में विशेष मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। साथ ही राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों के लिए संचालित कार्यक्रम योग/ध्यान, बागवानी, स्क्रिप्ट , रंगमंच, पेंटिंग , खेल, संगीत, कंप्यूटर इत्यादि के अंतर्गत योग /ध्यान, रंगमंच, पेंटिंग संगीत एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**मऊ।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सुरहुपुर गांव पोखरी से 500 मीटर दक्षिण टहलने निकली महिला को प्राइवेट बस ने रौंद डाला जिससे महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मोहम्मदाबाद गोहाना थाना अंतर्गत सुरहुपुर निवासी बृज किशोर यादव की पत्नी रेखा यादव टहलने निकली थी। वो दक्षिण घोसी मोहम्मदाबाद मार्ग पर सुबह सात बजे टहल कर घर वापस आ रही थी कि एक अनियंत्रित बस ने रौंद डाला। जिसमें महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और चालक बस को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मृतका के 3 बच्चे हैं एक बड़ा लड़का 10 वर्ष तथा एक लड़की सात वर्ष और एक गोद में डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची थी।

## लखनऊ मंडल ने वाराणसी की टीम को 3-1 से किया पराजित

**मऊ।** यूपी फुटबाल संघ के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता 15 अगस्त को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन प्रतियोगिता का फाइनल मैच लखनऊ मण्डल और वाराणसी मण्डल के मध्य खेला गया। जिसमें लखनऊ मण्डल ने वाराणसी मण्डल को 3-1 गोल के अन्तर से पराजित कर फाइनल मैच जीत लिया। इस प्रकार लखनऊ की टीम विजेता व वाराणसी की टीम उपविजेता रही। फुटबाल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण प्रशांत नागर आई0ए0एस0 मुख्य विकास अधिकारी एवं अरूण कुमार सिंह आईपीएस द्वारा खिलाड़ियों को अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया



गया। इससे पूर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातःकाल बालक/बालिकाओं की क्रास कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 52 पुरूष एवं 30 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्रास कंट्री रेस का शुभारम्भ एवं पुरस्कार वितरण अजय विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी,सदर मऊ के कर कमलों द्वारा किया गया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**मऊ।** जनपद के रानीपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गाव के निवासी एक व्यक्ति की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रानीपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गाव निवासी हरिकेश चौहान 40 पुत्र स्व सत्यदेव चौहान मंगलवार की शाम कुसउत पड़री अपने खेत में खाद छिटने जा रहे थे तभी बिजली के खंभे के सपोर्टिंग तार के पास अचानक पैर फिसल गया। जिससे सपोर्टिंग तार के सम्पर्क में आने से विधुत करंट की चपेट में आ गया। जिसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। आनन फानन में परिजनों ने हरिकेश चौहान को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रानीपुर लाया। जहां से चिकित्सकों जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के दौरान हरिकेश चौहान को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर गांव आ गए।





